# NutriLong™

NUTRITION FOR LONGEVITY

Decoding the Natural Adjuvant



# वैज्ञानिक

## रूप से अपने सर्वोत्तम रूप में स्वास्थ्यवर्धक सामग्री

डाइटरी सप्लिमेंट

Toptime® A VENTURE OF **DELTAS PHARMA**

NutriLong™
NUTRITION FOR LONGEVITY

मानव जाति की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक जीवनकाल में संभावित वृद्धि है। वर्तमान समय में लोगों का जीवनकाल बढ़ गया है, और यह धीरे–धीरे और भी बढ़ रहा है। आयुर्वेद में रसायन चिकित्सा की यह परिकल्पना है कि स्वस्थ मन और शरीर के लिए निरंतर रूप से व्यापक पोषण अनिवार्य है। यह व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है कि स्वस्थ जीवन जीने से व्यक्ति दीर्घायु हो सकता है। दीर्घायु बनने के लिए औषधीय हस्तक्षेप की सीमाएं होती हैं, और कभी–कभी यह असफल भी सिद्ध होता है। यह दृष्टिकोण तथाकथित जीवन शैली से संबंधित बीमारियों के इलाज में अक्षम है, जिसमें चयापचय सिंड्रोम, मोटापा, टाइप–2 डायबिटीज और हृदय रोग शामिल हैं। न्यूट्रिलॉन्ग की रेंज में स्वस्थ जीवन एवं सुखद एजिंग के लिए अद्वितीय और उन्नत पोषण संरचना वाले कई उत्पाद शामिल हैं। न्यूट्रिलॉन्ग की रेंज में मौजूद सामग्रियाँ व्यापक शोध पर आधारित हैं जो उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकती हैं।

**इन्हें जीवनकाल और/या स्वास्थ्य अवधि बढ़ाने के लिए निर्मित किया गया है।**
**न्यूट्रिलॉन्ग की हमारी रेंज का उद्देश्य निम्नलिखित है:**

| |
|---|
| मांसपेशियों और हड्डियों के क्षरण का प्रतिकार करके उनकी गतिशीलता में सुधार करना। |
| मस्तिष्क स्वास्थ्य और नेत्र स्वास्थ्य में सहायता करना। |
| हृदय और संवहनी स्वास्थ्य को बनाए रखना। |
| मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट का प्रतिकार करना। |
| श्वसन पथ के संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाना। |
| खेलकूद में प्रदर्शन और सहनशक्ति में वृद्धि करना। |
| त्वचा, बालों और नाखूनों के प्रणालीगत प्रभावों के माध्यम से सौन्दर्य में वृद्धि करना। |

# अनुक्रमणिका


02 क्लोरोफिल डिटॉक्स

04 एस्टाजेन्थिन

06 नोनी बोंज़ाइम $K_2$

08 CoQ टेन प्लस

10 सी–बक फ्रेश

12 रेस्वेराट्रॉल प्लस

14 ऑर्गेनिक बेरी

16 ट्राई जिनसेंग

18 A2 कोलोस्ट्रम एडवांस

20 अर्जुना प्लस

22 करक्यूमिन मैक्स

24 सामग्री

# क्लोरोफिल डिटॉक्स

## व्यापक क्लींजिंग के लिए

CHLOROPHYLLIN 100 mg COPPER COMPLEX




- एल्केलाइन बॉडी पीएच को बनाए रखता है
- कोशिका की सुरक्षा करता है
- खून को डिटॉक्स करता है
- आंतों को शुद्ध करता है
- शरीर की दुर्गंध को कम करता है

क्लोरोफिल एक शक्तिशाली क्लींजिंग एजेंट है जो कोशिका पुनर्जनन में सहायता करता है, एसिड एल्केलाइन स्तर को संतुलित रखता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है। इसके अनेक स्वास्थ्य लाभ हैं जो कोशिकीय स्तर पर शरीर के स्वास्थ्य और कार्यप्रणाली बेहतर बनाते हैं।

क्लोरोफिल एक एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इन्फ्लेमेटरी एजेंट, एंटी-म्यूटाजेनिक एजेंट, इंटरनल डियोडरेंट है और यह घाव को भरने में उपयोगी है। यह डीएनए की क्षति को रोकता है, और शरीर के पीएच को बनाए रखता है। एसिड के बढ़े हुए स्तर को एसिडोसिस के रूप में भी जाना जाता है, जिसके परिणामस्वरूप सिरदर्द, भ्रम, सुस्ती, थकान, चेतना की हानि आदि हो सकती है। न्यूट्रिलॉन्ग का क्लोरोफिल डिटॉक्स फॉर्मूला एसिडोसिस की ऐसी स्थितियों को प्रबंधित करने का एक उत्कृष्ट समाधान है। इस प्रकार, न्यूट्रिलॉन्ग का क्लोरोफिल डिटॉक्स स्वस्थ जीवन-यापन के लिए एक संपूर्ण समाधान है।

क्लोरोफिल डिटॉक्स पाउडर के प्रत्येक सैशे में है:

### क्लोरोफिल डिटॉक्स पाउडर के प्रत्येक सैशे में है:

| न्यूट्रिएंट स्रोत | समतुल्य मात्रा |
|---|---|
| पालक | 11.5 कप या |
| ग्रीन बीन्स | 40 कप या |
| गोभी | 2 किग्रा |



NutriLong™ NUTRITION FOR LONGEVITY



## न्यूट्रिलॉन्ग क्लोरोफिल डिटॉक्स में मौजूद क्लोरोफिल के फायदे निम्नानुसार हैं:

- प्रीबायोटिक इनुलिन के साथ क्लोरोफिल, विषाक्त प्रोटीन जैसे कि एफ्लाटॉक्सिन, भारी धातुओं और पारा को बांधता है और शरीर से इन्हें निकालने में सहायता करता है।
- इसमें प्राकृतिक और वसा में घुलनशील क्लोरोफिल होते हैं जो भोजन और पानी के माध्यम से अवांछित वसायुक्त पदार्थों और विषाक्त पदार्थों को निकाल बाहर करते हैं।
- प्रीबायोटिक इनुलिन के साथ क्लोरोफिल मुख्य रूप से आंतों की सफाई करने में मदद करता है।
- क्लोरोफिलिन (क्लोरोफिलिन कॉपर कंप्लेक्स) को मुखमार्ग से इंटरनल डियोडरेंट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है; इसके नियमित उपयोग से शरीर की दुर्गंध कम होती है।
- क्लोरोफिल और क्लोरोफिलिन में रक्त पोर्फिरीन की समान संरचना होती है; इस प्रकार, यह सह-उत्पादों को शमित और नष्ट करके रक्त निर्माण में सहायता कर सकता है।
- यह डीएनए की क्षति को रोकता है और अपने एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के माध्यम से आंतरिक हीलिंग को सक्षम बनाता है।
- हर रोज क्लींजिंग (आंतों का डिटॉक्सिफिकेशन) करने से शरीर सक्रिय और मन सचेत रहता है।

### दैनिक स्तर पर सुझाए गए अनुपूरक:

- क्षारीयता (अल्केलिनिटी) बनाए रखने, अम्लरक्तता (एसिडोसिस) को रोकने और आंतों का स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए दैनिक रूप से लिया जाने वाला डाइटरी सप्लिमेंट
- खेलकूद में सक्रिय व्यक्तियों और एथलीटों की कोशिकाओं में उच्च ऑक्सीजन स्तर बनाए रखने के लिए
- नियमित डिटॉक्सिफिकेशन और त्वचा की देखभाल
- मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखने के लिए बच्चों और बुजुर्गों हेतु उपयोगी
- स्वस्थ हृदय के लिए उपयोगी; डायबिटीज के रोगियों और अधिक वजन वालों के लिए डाइटरी सप्लीमेंट
- बैलेंस बनाए रखने तथा व्यापक क्लींजिंग के लिए हर रोज १-२ सैशे न्यूट्रिलॉन्ग क्लोरोफिल डिटॉक्स का उपयोग करें।




# न्यूट्रिलॉन्ग क्लोरोफिल डिटॉक्स

*हर दिन सुरक्षित और प्राकृतिक ढंग से डिटॉक्स करें।*

# एस्टाजेन्थिन

## कोशिकीय स्वास्थ्य और सुधार के लिए एज-रिवर्स एक्टिव्स

NATURAL 4mg ASTAXANTHIN

नैनो-करक्यूमिन, ईपीए, डीएचए, एकेबीए, जिंक और लाइपेज

### युवापन पुनः प्राप्त करें

नवयौवन प्रदान करना

एंटीऑक्सीडेंट

मांसपेशी को दृढता प्रदान करना

त्वचा को कांतिमान बनाना

जीवन-शक्ति को बढ़ाना




एस्टाजेन्थिन, समुद्री सिवार और शैवाल में पाया जाने वाला लाल रंगद्रव्य (रेड पिगमेंट) है। इसे मानव शरीर नहीं बना सकता है; इसलिए इसे खाद्य स्रोत के माध्यम से सप्लिमेंट किया जाना चाहिए। यह लाल रंगद्रव्य समुद्री सिवार और शैवाल, हेमेटोकोकस प्लुवियलिस में पाया जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, एंटीऑक्सीडेंट उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं लेकिन एस्टाजेन्थिन एकमात्र एंटीऑक्सीडेंट है जो फॉक्सो३ जीन पर अपने उत्तेजक प्रभाव के कारण उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को उलट देता है। पोषण विज्ञान ने स्थापित किया है कि एस्टाजेन्थिन और करक्यूमिन जैसे तत्व उम्र बढ़ने के लिए जिम्मेदार फॉक्सो३ जीन को नियंत्रित करके उम्र के प्रभाव को कम करने की क्षमता रखते हैं।

### एस्टाजेन्थिन के प्रत्येक टेबलेट में पाया जाता है:

| न्यूट्रिएंट स्रोत | समतुल्य मात्रा |
|---|---|
| बीटा-कैरोटिन | ५० गुना |
| विटामिन ई | १०० गुना |
| विटामिन सी | ६००० गुना |



### नैनो-करक्यूमिन, ईपीए, डीएचए, एकेबीए, जिंक और लाइपेज

विश्व के सबसे अच्छे एज-रिवर्सिंग एंटीऑक्सीडेंट फॉर्मूला वाला न्यूट्रिलॉन्ग का एस्टाजेन्थिन टैबलेट न सिर्फ त्वचा की कोशिकाओं को नई उम्र प्रदान करता है, बल्कि यह इन्फ्लेमेटरी नियामकों तथा सेल मेम्ब्रन के क्रियाकलापों को संतुलित करके तथा मुक्त कणों को निष्क्रिय करते हुए नेत्र, यकृत, अग्न्याशय, फेफड़े, हृदय, मस्तिष्क, तंत्रिका तंत्र, प्रोस्टेट, गर्भाशय और मांसपेशियों की कोशिकाओं को भी नई उम्र प्रदान करता है।



**क्या आप जानते हैं कि उम्र को रिवर्स करना संभव है!**
प्रकृति ने हमें एस्टाजेन्थिन और करक्यूमिन प्रदान किया है।
**बढ़ती हुई उम्र के साथ भी जवान रहना**

### न्यूट्रिलॉन्ग एस्टाजेन्थिन टेबलेट के फायदे निम्नानुसार हैं:

- न्यूट्रिलॉन्ग एस्टाजेन्थिन फॉर्मूला में फॉक्सो जीन को उत्तेजित करने के लिए ज्ञात करक्यूमिन कंप्लेक्स के साथ 4 मिग्रा एस्टाजेन्थिन होता है।
- 2:1 के अनुपात में वनस्पति स्रोत से प्राप्त ईपीए और डीएचए की कम डोज़ के सेवन से पुनर्जनन प्रक्रिया में सहायता मिलती है, और पिपेरिन वर्तमान समय में उपलब्ध किसी भी अन्य उत्पाद के विपरीत जैव उपलब्धता प्रदान करता है।
- बोसवेलिया सेराटा (सलाई गुग्गुल) से प्राप्त एकेबीए का अर्क इन्फ्लेमेटरी कोशिकाओं में होमोस्टैसिस प्रदान करता है और उम्र से संबंधित अधोगति या अध:पतन (डीजनरेशन) को कम करता है।
- लाइपेज एंजाइम से एस्ट्रिफ़ाइड फैटी एसिड, एस्टाजेन्थिन के ब्रेकडाउन में मदद मिलती है, और यह एस्टाजेन्थिन के समुचित अवशोषण को सुनिश्चित करता है।
- जिंक, प्रोटीन संरचना और स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह कई एंजाइम के लिए उत्प्रेरक कारक के रूप में कार्य करता है और विविध मौलिक कोशिकीय प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है।
- जिंक की उच्चतम मात्रा रेटिनल पिगमेंट एपिथेलियम (आरपीई) में केंद्रित होती है; जिंक की उपस्थिति एस्टाजेन्थिन के संयोजन में अध:पतन (डीजनरेशन) परिवर्तनों को कम करती है।

### निम्नलिखित के लिए अनुशंसित दैनिक सप्लिमेंट:

- त्वचा की बनावट, चमक; कोलेजन और त्वचा में लोच
- हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में उपयोगी
- आंखों के तनाव और नीली रोशनी से होने वाले नुकसान से उबारने में मददगार
- उम्र से संबंधित मांसपेशियों की दुर्बलता में सुधार करता है;
- आरोग्य को बढ़ावा देता है और नियमित कसरत के दौरान एथलीटों की सहन-शक्ति में वृद्धि करता है
- मानसिक कार्यप्रणाली एवं यादाश्त में वृद्धि करता है

**अनुशंसा:** प्रतिदिन भोजन के बाद १-२ टेबलेट लें।



## न्यूट्रिलॉन्ग एस्टाजेन्थिन

*प्राकृतिक ढंग से उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करता है और महत्वपूर्ण अंगों को पुनर्यौवन प्रदान करता है।*

# नोनी बोंजाइम $K_2$



NONI ENZYME 55 mcg VITAMIN K2

## प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने और हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी ड्रॉप

- **हड्डियों के निर्माण व गठन में सहायता करता है**
- **धमनियों के लचीलापन में मदद करता है**
- **यह प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाता है और सूजन को कम करता है**




### विटामिन $K_2$

हड्डियों की मजबूती के लिए अमृत के समान कार्य करता है, अस्थि-कोशिकाओं को सशक्त बनाता है

स्वस्थ प्रतिरक्षा के लिए स्वस्थ हड्डियों का गठन तथा स्वस्थ हड्डियों के गठन के लिए स्वस्थ प्रतिरक्षा एक पूर्व-आवश्यकता है। नवीनतम शोध के अनुसार विटामिन $K_2$, स्वस्थ हड्डियों के गठन और प्रतिरक्षा के बीच की कड़ी का काम करता है। दुनिया भर में नोनी एंजाइम को प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने वाला माना जाता है; और विटामिन $K_2$, जिसे मेनाक्विनोन-७ भी कहा जाता है, न केवल हड्डियों के क्षति की दर को कम करता है, बल्कि यह नए अस्थि ऊतक के निर्माण में भी सहायता करता है। न्यूट्रिलॉन्ग नोनी बोनजाइम $K_2$, दुनिया भर में उपलब्ध एकमात्र ऐसा फॉर्मूला है जिसमें नोनी एंजाइम के साथ विटामिन $K_2$ और पिपेरिन को उनके सबसे प्राकृतिक रूप में संयोजित किया गया है।



**न्यूट्रिलॉन्ग नोनी बोनजाइम $K_2$ निम्नलिखित के साथ दुनिया का पहला संयोजन है:**

- ऑर्गेनिक नोनी से प्राप्त एंजाइमेटिक अर्क
- उच्चतम जैव-उपलब्ध रूप में विटामिन $K_2$
- जैव-उपलब्धता बढ़ाने के लिए पिपेरिन का अर्क

**प्रत्येक 1 मिली न्यूट्रिलॉन्ग नोनी बोनजाइम $K_2$ में है:**

| न्यूट्रिएंट स्रोत | समतुल्य मात्रा |
| --- | --- |
| नोनी अर्क | लगभग 10 ग्राम अपरिष्कृत नोनी |
| विटामिन $K_2$ | 40 ग्राम फ़र्मेंटेड बीन्स जिन्हें नेट्टो के नाम से जाना जाता है |
| पाइपर लोंगुम लिक्विड अर्क | लगभग 2 ग्राम पिप्पली फल |

# क्या है नोनी?

नोनी के पौधे में एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल, एंटीफंगल, एंटीट्यूमर, एनाल्जेसिक, हाइपोटेंसिव, एंटी-इंफ्लेमेटरी और प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने वाले गुणों सहित कई सारे चिकित्सकीय प्रभाव पाए जाते हैं। परंपरागत रूप से नोनी अर्क का उपयोग टूटी या विस्थापित हुई हड्डी को जोड़ने में किया जाता है, और यह संयोजी ऊतकों को ठीक करने के साथ ही सूजन को कम करने में उपयोगी है।



# विटामिन $K_2$ क्या है?

वनस्पति स्रोतों से प्राप्त विटामिन $K_2$ को मेनाक्विनोन-७ भी कहा जाता है। शोधों से पता चलता है कि यह ऑस्टियोक्लास्टिक गतिविधि को बंद कर अस्थि-क्षय की दर को रोकता है, जीएलए और ओस्टियोकैल्सिन को सक्रिय करके अस्थि-गठन को संवर्धित करता है। प्रोटीन एमजीपी को उत्तेजित कर यह धमनियों से कैल्शियम को हड्डियों में पहुंचाता है, और इस प्रकार धमनियों को लचीला बनाए रखने में सहायता करता है। यह हाइपरटेंशन और कार्डियोवस्कुलर स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मदद करता है। यह तंत्रिका रोग में कार्बोक्सिलेशन और सप्लिमेंट के चलते ऊर्जा स्तर को बनाए रखने में सहायता करता है।

नोनी बोनजाइम $K_2$ ड्रॉप, हड्डियों के क्षरण को कम करता है और नई हड्डियों के निर्माण में सहायता करता है। अद्वितीय वहन तकनीक के कारण नोनी बोनजाइम $K_2$ का अवशोषण आंशिक रूप से जीभ पर जाते ही होना शुरू हो जाता है (इसे सबलिंगुअल अवशोषण के रूप में जाना जाता है)।



### नोनी बोनजाइम $K_2$ ड्रॉप के फायदे निम्नानुसार हैं:

- सूजन और ऑस्टियोपोरोसिस को कम करने के लिए, पॉलीसेकेराइड, एन्थ्राक्विनोन और फाइटोएस्ट्रोजन के साथ मानकीकृत किया गया प्रोप्राइटरी नोनी अर्क; न्यूट्रिलॉन्ग बोनजाइम के ड्रॉप में विटामिन $K_2$ (वनस्पति स्रोत से प्राप्त मेनाक्विनोन -७) के साथ अविश्वसनीय रूप से मिश्रित है।
- विटामिन $K_2$ (विशेष रूप से मेनाक्विनोन-७, सर्वाधिक जैव-उपलब्ध रूप) इसे धमनियों के बजाय हड्डियों तक ले जाता है, और धमनियों का लचीलेपन एवं हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायता प्रदान करता है।
- विटामिन $K_2$ निर्भर प्रोटीन ओस्टियोकैल्सीन, जो कि अस्थि-निर्माण करने वाली कोशिकाओं द्वारा उत्पादित होता है, के माध्यम से शरीर में कैल्शियम की पर्याप्तता सुनिश्चित की जाती है।

### दैनिक स्तर पर सुझाए गए अनुपूरक:

- वे लोग जो ऑस्टियोपोरोसिस से जल्द ठीक होने के इच्छुक हैं या फ्रैक्चर के बाद स्वास्थ्य-लाभ प्राप्त करना चाहते हैं
- वे लोग जिनकी जीवन-शैली गतिहीन है और उनमें ऊर्जा का स्तर कम है
- २० वर्ष की उम्र वाले युवा जो अस्थि-निर्माण दर में गिरावट से मुक्ति चाहते हैं
- कसरत के बाद माइक्रो-इन्फ्लेमेशन से छुटकारा पाने के लिए
- सक्रिय महिलाएं और रजोनिवृत्ति पश्चात वाली महिलाएं
- एथलीट और सक्रिय खेलकूद में भाग लेने वाले लोग
- हृदय स्वास्थ्य, कोलेस्ट्रॉल संतुलन, डायबिटीज और वजन प्रबंधन
- तंत्रिका और मस्तिष्क स्वास्थ्य में सहायता करता है; चुस्ती को बढ़ाता है

**अनुशंसा:** १०० मिली पानी में १ मिली मिलाकर रोजाना १-२ बार खाने के बाद पिएं।

# न्यूट्रिलॉन्ग नोनी बोनजाइम $K_2$

*आपके हड्डियों के स्वास्थ्य को पुनर्जीवन प्रदान करता है... हर दिन।*

# CoQ टेन प्लस

COENZYME Q10
100 mg
NATURAL

## मांसपेशी, हृदय और मस्तिष्क के लिए एडवांस एनर्जी सपोर्ट

हृदय, मांसपेशी और प्रजनन कोशिकाओं के लिए सीएलए, एनर्जी फॉर्मूला

- मांसपेशियों को ऊर्जा प्रदान करता है
- पुनः उर्ज़ावान बनाये रखने में सहायक
- मस्तिष्क को स्फूर्ति प्रदान करता है
- प्रजननात्मक सहायता
- खेलों के दौरान स्वास्थ्य वर्धन एवं बचाव में सहायक






अब न्यूट्रिलॉन्ग CoQ10 टेन प्लस की मदद से थकान को बाय-बाय कहें!

CoQ10 (कोएंज़ाइम का संक्षिप्त रूप, इसे यूबिक्विनोन भी कहा जाता है) वह एकमात्र फैट-सॉल्युबल एंटीऑक्सीडेंट है जिसे हमारा शरीर बनाता है। यह हमारी सभी पचास लाख करोड़ (५० ट्रिलियन) कोशिकाओं की लिपिड-समृद्ध मेम्ब्रेन में बहुतायत में पाया जाता है। यह एटीपी, जो हमारी कोशिकाओं की यूनिवर्सल एनर्जी करेंसी है, के उत्पादन के लिए अनिवार्य है। CoQ10 का पर्याप्त स्तर बनाए रखना हमारे समग्र स्वास्थ्य की बेहतरी में प्रमुख भूमिका निभा सकता है। CoQ10 एक महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट है जो शरीर की प्रत्येक कोशिका में मौजूद होता है, और इसका काम माइटोकॉन्ड्रिया, जिसे सेलुलर बैटरी भी कहते हैं, को स्वस्थ बनाए रखना है। CoQ10 को विटामिन क्यू भी कहा जाता है जो २१ वर्ष की उम्र में चरम पर होता है और उसके बाद यह कम होने लगता है।

**न्यूट्रिलॉन्ग CoQ टेन प्लस की प्रत्येक टेबलेट से मिलता है**

मांसपेशियों को मजबूती और कम से कम **३ गुना ताकत** (स्टेमिना)






## CoQ टेन कैसे काम करता है?

CoQ10 माइटोकॉन्ड्रिया - में पाए जाने वाला सर्वाधिक महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट हैं। एनर्जी का छोटा पावरहाउस जो हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका के भीतर रीन्यूएबल बैटरी की तरह काम करता है। यह अनायास रूप से तंत्रिका तंत्र, मस्तिष्क, मांसपेशियों और प्रजनन प्रणाली की कोशिकाओं को लगातार चार्ज करता रहता है।

### उच्चतम गुणवत्ता वाली सामग्रियों के साथ न्यूट्रिलॉन्ग CoQ टेन प्लस के लाभ निम्नलिखित हैं:

- CoQ10, शरीर की प्रत्येक कोशिका में मौजूद माइटोकॉन्ड्रिया में पाया जाने वाले सर्वाधिक महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट है; ऊर्जा को रिलीज़ करता है और हृदय, प्रजननात्मक कोशिकाओं एवं मांसपेशियों को बेहतर क्रियाकलाप के लिए पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा प्रदान करता है।
- CoQ10 के साथ रेड यीस्ट राइस से हृदयवाहिका संबंधित चोट व कमजोरी ठीक होती है जिससे स्वास्थ्य बेहतर रहता है।
- एनाट्टो टोकोट्रिएनोल्स के साथ कुसुम तेल से प्राप्त सीएलए से कोलेस्ट्रॉल का स्तर संतुलित रहता है।
- कोशिकीय कोएंज़ाइम Q10 के सर्वोतम उपयोग के लिए इसमें विटामिन बी१२ और विटामिन सी शामिल है।
- सर्वोतम जैव-उपलब्धता के लिए इसमें लिपोसोमल पिपेरिन शामिल है
- सेलेनियम, एनर्जी फंक्शन के दौरान प्रजननीय कोशिकाओं और मांसपेशी कोशिकाओं के माइक्रोन्यूट्रिशन में सहायता करता है।

### निम्नलिखित के लिए अनुशंसित दैनिक सप्लिमेंट:

- ऊर्जा और जोश की कमी महसूस करने वाली गृहिणियाँ
- थोड़ी सी शारीरिक गतिविधि में ही थकान महसूस करने वाले पुरुष
- जिम करने वाले लोग जो अपनी क्षमता बढ़ाना चाहते हैं
- बुजुर्ग लोग जो व्यायाम में दिलचस्पी रखते हैं और अपने शरीर को सक्रिय बनाए रखना चाहते हैं
- मानसिक और शारीरिक ताकत (स्टेमिना) की आवश्यकता वाले युवा छात्र
- एथलीट जो अपनी शारीरिक ताकत बढ़ाना और चोटों से जल्दी उबरना चाहते हैं
- हल्के से मध्यम मोटापा वाले लोग जो अपना वज़न तथा हृदय गतिविधि को प्रबंधित करने पर काम कर रहे हैं
- नया-नया जिम शुरू करने वाले लोग जिन्हें शुरुआती चरण में मांसपेशियों में दर्द और गंभीर थकान महसूस होता है

**परामर्श:** भोजन के बाद नियमित आहार सप्लिमेंट के रूप में प्रति दिन १-२ गोलियां लें।

# न्यूट्रिलॉन्ग CoQ टेन प्लस

*बनाये आपकी कोशिकाओं को उर्जावान.... हर दिन।*

# सीबक फ्रेश

SEABUCKTHORN 900 mg EXTRACT

## लिवर, प्रोस्टेट और रक्त कोशिकाओं की सहायता के लिए शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट

क्वार्सेटिन, नैनो-कर्क्यूमिन, हेस्पेरिडिन, बायोटिन, साइट्रस बायोफ्लेवोनोइड्स और इनुलिन

## रक्त निर्माण एवं एनिमिया देखभाल में सहायक

एंटी-एजिंग हिमालयन बेरी और वाइटल फ्लेवोनोइड्स का डेली ड्रिंक - रेडी-टू-मिक्स सैशे

**एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन का समृद्धतम स्रोत**

**रक्त निर्माण में सहायता करता है**

**लीवर की कोशिकाओं के क्षतिसुधार में मदद करता है**

**विकिरण संबंधी क्षति को कम करता है**

**प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) को बढ़ावा देता है**




हममें से अधिकांश लोग फ्री रेडिकल्स की क्षति के कारण अस्वस्थ रक्त निर्माण और एनीमिया (खून की कमी) से ग्रस्त होते हैं; जिसके चलते रक्त कोशिकाएँ समय से पहले बूढ़ी हो जाती हैं, और हीमोग्लोबिन की कमी के कारण समय-पूर्व स्प्लेनिक सीक्रेस्ट्रेशन देखा जाता है।

हिमालयन बेरी फल, जिसे सी-बकथॉर्न भी कहा जाता है, रक्त कोशिकाओं के समय से पहले बूढ़ा होने को रोकने के लिए सर्वथा उपयुक्त भरपाई हैं। ऊंची जगहों पर पैदा होने वाली इस बेरी में लगभग १९० फाइटोन्यूट्रिएंट्स होते हैं। इसमें बायोफ्लेवोनोइड्स, पॉलीफेनोल्स, टर्पिनोइड्स, प्लांट स्टेरोल्स, ऑर्गेनिक नमक और एमिनो अम्ल की भरपूर मात्रा पाई जाती है, और यह विटामिन सी कंप्लेक्स, विटामिन ए, ई, के और एच का उच्चतम स्रोत है।

हिमालयन बेरी के गुणों वाले न्यूट्रिलॉन्ग सीबक पाउडर में साइट्रस बायोफ्लेवोनोइड्स, हेस्पेरिडिन, नैनो-कर्क्यूमिन, रोजमैरी का अर्क और प्राकृतिक बायोटिन मिला हुआ है। इन प्राकृतिक सामग्रियों को आगे प्रीबायोटिक डायटरी फाइबर इनुलिन के साथ एन्कैप्सुलेट किया गया है।

**सीबक फ्रेश के प्रत्येक सैशे में मिलता है:**

| न्यूट्रिएंट स्रोत | समतुल्य मात्रा |
|---|---|
| सी-बकथॉर्न पाउडर | १५ ग्राम फलों का गूदा |
| जल में घुलनशील कर्क्यूमिन | १ छोटी चम्मच हल्दी |
| रोजमैरिनिक अम्ल | १ कप रोजमैरी चाय |
| साइट्रस फ्लेवोनोइड्स | १२५ ग्राम संतरा |
| हेस्पेरिडिन | ५ नींबू |
| बायोटिन | ५ किग्रा चीज़ |
| इनुलिन | १०० ग्राम प्याज फाइबर |




## फ्री रेडिकल के अपमार्जक







## आइये, एनीमिया तथा स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में समझते हैं

लैंसेट के अनुसार विश्व की लगभग २७% आबादी एनीमिया (खून की कमी) से पीड़ित है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एशिया-पैसिफिक जर्नल में हाल ही में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया था कि भारत में आयरन डेफ़िसिएंसी एनीमिया (आईडीए) की व्यापकता वैश्विक औसत से ३ गुना अधिक है, और इससे महिलाएं अधिक प्रभावित हैं। उसी पत्र के अनुसार, भारत में पुरुष और महिलाओं में इसकी व्यापकता किसी भी अन्य देश से अधिक है।

एनीमिया से केवल जीवन की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होती बल्कि यह बच्चों के अल्प-विकास; हड्डियों की कमजोरी, पाचनतंत्र संबंधित रोग, कम प्रतिरक्षा, अत्याधिक थकान और अन्य गंभीर बीमारियों को जन्म देती है जिनसे सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त और दुष्प्रभावित हो जाता है।

**न्यूट्रिलॉन्ग सीबक फ्रेश पाउडर के लाभ:**

- रोजमैरी अर्क के साथ संयुक्त रूप से संरक्षित सी-बकथॉर्न फलों से फिलोक्विनोन (विटामिन K)
- पानी में घुलनशील नैनोकण-आधारित कर्क्यूमिन अर्क जो मुंह में जाते ही तुरंत अवशोषित होने लगता है
- रोजमैरी अर्क में विकिरण से होने वाली क्षति को रोकने का गुण पाया जाता है
- साइट्रस बायोफ्लेवोनोइड्स, जिसे विटामिन पी भी कहा जाता है, नैरिनगिन को प्रमाणित करता है; जो रक्त निर्माण वाली कोशिकाओं को प्रभावी ढंग से पुनर्स्थापित करता है
- हेस्पेरिडिन से पाचन क्षेत्र की विषाक्तता को हील और रिकवरी करने में मदद मिलती है
- प्राकृतिक स्रोतों से प्राप्त डी-बायोटिन लिवर की रक्त निर्माण प्रक्रिया में सहायता करता है
- इनुलिन एक प्राकृतिक प्रीबायोटिक तथा संयोजक रेशेदार आहार के रूप में काम करता है, जो आँतों में अवशोषण की वाहिका के रूप में उपयोगी है।

**दैनिक स्तर पर निम्न ज़रूरतों के लिए प्रमाणित पूरक:**
निम्नलिखित के लिए दिन में एक बार रेडी-टू-मिक्स जूस के रूप में न्यूट्रिलॉन्ग सीबक फ्रेश पाउडर का १ सैशे अनुशंसित है-

- अधिक शारीरिक गतिविधि करने वाले बच्चे
- लाल रक्त कोशिकाओं की कम मात्रा के चलते थकान महसूस करने वाली महिलाएं और पुरुष
- बुजुर्ग, डायबिटीज के रोगी और मोटापा से ग्रस्त लोग जिनमें ऑक्सीज़न धारण करने की क्षमता कम होती है और थकान महसूस करते हैं
- विकिरण तथा रासायनिक दवाइयों के संपर्क वाले लोग
- ऊंचे स्थानों पर यात्रा करने तथा रहने वाले लोग
- एथलीट, जिम करने वाले, साहसिक खेलों से जुड़े हुए खिलाड़ी

**परामर्श:** सामान्य या ठंडे पानी के साथ १ सैशे लें; दैनिक न्यूट्रिशनल सप्लिमेंट के रूप में नाश्ते के बाद दिन में एक बार

# न्यूट्रिलॉन्ग सीबक फ्रेश

*खून के स्तर का बेहतर संयोजन.... हर दिन।*

# रेस्वेराट्रॉल प्लस

NATURAL 300 mg trans-resveratrol

## याददाश्त बढ़ाने और कोशिकाओं की क्षति-पूर्ति के लिए शक्तिशाली हेल्दी एजिंग कॉम्प्लेक्स

*क्वेरसेटिन और गोजी बेरी के साथ ट्रांस-रेस्वेराट्रॉल*

- शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट
- मस्तिष्क को तरोताजगी और स्फूर्ति प्रदान करता है
- त्वचा को कांतिमान बनाता है
- डीएनए क्षति को रोकता है
- हेल्दी एजिंग




## मस्तिष्क का पोषण और तंत्रिकाओं की लंबी उम्र

महत्वपूर्ण न्यूट्रिएंट (पोषक तत्व) ज्ञान संबंधी वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और मस्तिष्क की कार्यकुशलता में वृद्धि करते हैं। यह देखा गया है कि रेस्वेराट्रॉल और ओमेगा फैटी एसिड के सेवन से संज्ञानात्मक हानि को ठीक करने तथा तंत्रिकाओं की लंबी उम्र में सहायता मिलती है।

रेस्वेराट्रॉल एक पॉलीफेनोलिक यौगिक है जो प्राकृतिक रूप से मूंगफली, अंगूर, रेड वाइन और कुछ बेरी में पाया जाता है। न्यूट्रिलॉन्ग रेस्वेराट्रॉल प्लस में ट्रांस-रेस्वेराट्रॉल नामक वसा में घुलनशील यौगिक होता है। ट्रांस- रेस्वेराट्रॉल को अवशोषण के लिए सबसे सक्रिय और सहज रूप माना जाता है।

### न्यूट्रिलॉन्ग रेस्वेराट्रॉल प्लस की प्रत्येक गोली में होता है:

| न्यूट्रिएंट स्रोत | समतुल्य मात्रा |
|---|---|
| ट्रांस-रेस्वेराट्रॉल | ३०० कप लाल अंगूर |
| क्वेरसेटिन | २५ सेब |
| गोजी बेरी का अर्क | २५० ग्राम शकरकंद |





रेस्वेराट्रॉल, लंबी उम्र तथा स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रकृति का उपहार है। वर्षों के शोध से पता चलता है कि रेस्वेराट्रॉल वह गुप्त सामग्री है जो अनेक जापानी लोगों को एक सदी से भी अधिक समय तक जीवित रखने में मदद करता है।

कुछ घंटों के भीतर अपने मस्तिष्क को स्फूर्ति प्रदान करें और न्यूट्रिलॉन्ग रेस्वेराट्रॉल प्लस की गोलियों से अपनी तंत्रिकाओं की लंबी उम्र बनाए रखें।

**ट्रांस-रेस्वेराट्रॉल, क्वेरसेटिन और गोजी बेरी के साथ न्यूट्रिलॉन्ग रेस्वेराट्रॉल प्लस**

१.रेस्वेराट्रॉल, लंबी उम्र में सहायक जीन को प्रेरित करता है और तंत्रिकाओं की लंबी उम्र में सहायता करता है

२.क्वेरसेटिन, रेस्वेराट्रॉल के साथ सहक्रिया करता है

३.गोजी बेरी से प्राप्त होने वाले पॉलीसेकेराइड, नुकसान पहुँचाने वाले परिवर्तनों को कम करते हैं





### न्यूट्रिलॉन्ग रेस्वेराट्रॉल प्लस की टेबलेट के लाभ:

- संपूर्ण अवशोषण और जैव-उपलब्धता के लिए इसमें वनस्पति-आधारित माइक्रोनाइज्ड ट्रांस-रेस्वेराट्रॉल शामिल है।
- इसमें मस्तिष्क कोशिकाओं तथा याददाश्त के पुनर्जनन के संयुक्त प्रभाव को बढ़ाने के लिए खट्टे फलों से प्राप्त क्वेरसेटिन होता है।
- इसमें तंत्रिका कोशिकाओं के डीएनए क्षति को रोकने के लिए गोजी बेरी से प्राप्त प्रीबायोटिक पॉलीसेकेराइड होता है।
- पूर्ण जैव-उपलब्धता के लिए गोली को पेटेंट माइक्रोएन्कैप्सुलेशन तकनीक और प्रतिरक्षा वर्धक अरेबिनोगैलेक्टन के साथ तैयार किया गया है।
- सूक्ष्म पोषक तत्व अर्थात् फास्फोरस, मैग्नीशियम और पोटेशियम कोशिकीय पुनर्जनन में सहायक क्रिया प्रदान करते हैं।

### दैनिक स्तर पर निम्न ज़रूरतों के लिए प्रमाणित पूरक

- दिमागी और बौद्धिक कार्य करने वाले १८ वर्ष से अधिक उम्र के लोग
- भूलने की प्रवृति, धुंधलापन और थकान
- देरी से कुछ याद आना, याददाश्त में दिक्कत और असहजता की स्थिति
- रजोनिवृत्ति चरण (यानी रजोनिवृत्ति के लक्षण महसूस करने) वाली महिलाएं
- कम शारीरिक गतिविधि करने वाले बुजुर्ग
- प्रतियोगिता, खेलकूद, परीक्षा की तैयारी करने वाले और नियमित डायटरी सप्लिमेंट के इच्छुक युवक

**परामर्श:** भोजन के बाद दिन में दो बार तक १ टेबलेट लें।

# न्यूट्रिलॉन्ग रेस्वेराट्रॉल प्लस

*आपके मस्तिष्क के स्वास्थ्य को मजबूत बनाये... हर दिन।*

# आॅर्गेनिक बेरीज

NATURAL ★ 1000 mg ★ VITAMIN-C

जीवन शक्ति बढ़ाने और त्वचा में निखार के लिए
एसिरोला आधारित विटामिन सी एंटीऑक्सीडेंट के
साथ बायोफ्लेवोनोइड्स

## मल्टीबेरी फ्लेवोनोइड्स, ईजीसीजी और प्रीबायोटिक इनुलिन फाइबर

**त्वचा के लिए पॉलीफेनोल आधारित एंटीऑक्सीडेंट**

**त्वचा के स्वास्थ्य संरक्षण में ईजीसीजी मदद करता है**

**मूत्र के पीएच को मेंटेन रखता है**

**इसमें प्राकृतिक प्रोविटामिन होते हैं**

**ऊर्जा के स्तर को नाए रखता है**




## युवा त्वचा और स्वस्थ परिसंचरण

एक्जॉटिक और ऑर्गेनिक बेरी से तैयार दैनिक ड्रिंक - रेडी-टू-मिक्स सैशे

उपचर्म (त्वचा की भीतरी परत) पर महत्वपूर्ण फ्लेवोनोइड्स का परिसंचरण होने से त्वचा दीप्तिमान और युवा दिखाई देती है। ये फ्लेवोनोइड्स और पॉलीफेनोलिक तत्व इंफ़्लेमेजिंग पर सरलता से काम करते हैं। पुरानी, निम्न-श्रेणी की सूजन को उम्र बढ़ने की प्रक्रिया की एक प्रमुख विशेषता के रूप में भी पहचाना जाता है। इस प्रवृत्ति को 'इंफ़्लेमेजिंग' कहा जाता है।

बायोफ्लेवोनोइड युक्त फाइटोमेडिसिन का उपयोग सूजन-रोधी और एंटी-एलर्जिक उपचार के रूप में किया जाता है और अंतर्जात फोटोप्रोटेक्शन में भूमिका निभाने के लिए एक फ्लेवोनोइड युक्त आहार का सुझाव दिया जाता है और यह त्वचा के रक्त परिसंचरण में सुधार करता है (हेनरिक एवं अन्य २००६ए; न्यूकम एवं अन्य २००७)।

न्यूट्रिलॉन्ग ऑर्गेनिक बेरी पाउडर में मौजूद एक्जॉटिक बेरी, प्रकृति से प्राप्त वे खजाना हैं, जो एंटीऑक्सीडेंट और जीनोमिक डीएनए रिपेयर गतिविधियों की विस्तृत शृंखला प्रदर्शित करते हैं। बेरी में पाए जाने वाले बायोफ्लेवोनोइड्स, पॉलीफेनोल्स और कलर पिगमेंट आपकी त्वचा के पुनरुद्धार, कार्डियोप्रोटेक्टिव, न्यूरोप्रोटेक्टिव और कैंसर को रोकने वाले अपने गुणों के लिए जाने जाते हैं।

### न्यूट्रिलॉन्ग आर्गेनिक बेरी पाउडर के प्रत्येक सैशे में होता है:

| न्यूट्रिएंट स्रोत | समतुल्य मात्रा |
|---|---|
| प्राकृतिक विटामिन सी काम्प्लेक्स | १० संतरों के बराबर ताक़त |
| पॉलीफेनोल्स | ३ सेब के बराबर ताक़त |
| ईजीसीजी | १ कप ग्रीन टी के बराबर ताक़त |
| क्रैनबेरी का अर्क | ७५०० मिग्रा क्रैनबेरी के बराबर ताक़त |
| ब्लूबेरी, क्रैनबेरी, मलबेरी, बिलबेरी और अंगूर का अर्क | १० अनार में मौजूद एंथोसायनिन के बराबर ताक़त |
| इनुलिन का घुलनशील डायटरी फाइबर | लगभग १०० ग्राम प्याज के बराबर ताक़त |



# ईजीसीजी, प्रीबायोटिक फाइबर इनुलिन के साथ फ्रीज़ ड्रायड ऑर्गेनिक बेरी

## स्किन–एजिंग और फोटो–एजिंग क्या है?

स्किन-एजिंग (त्वचा पर बढ़ती उम्र का असर दिखना) भीतरी और बाहरी दोनों कारकों से प्रेरित होता है। भीतरी कारकों से होने वाली एजिंग नहीं रोके जा सकने वाली शारीरिक प्रक्रिया है जिसके परिणामस्वरूप त्वचा का पतला होना, रूखापन, महीन झुर्रियाँ और धीरे-धीरे त्वचीय शोष (डर्मल एट्रोफी) होता है; जबकि बाहरी एजिंग में वायु प्रदूषण, धूम्रपान, खराब पोषण और धूप के संपर्क में आना जैसे बाहरी पर्यावरणीय कारकों की भूमिका होती है, जिसके परिणामस्वरूप त्वचा पर मोटी झुर्रियाँ, लोच की कमी, त्वचा ढीली होना और खुरदुरापन जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सौर पराबैंगनी (यूवी) विकिरण से लंबे समय तक संपर्क होना बाहरी स्किन-एजिंग का प्राथमिक कारक है और इसे ही फोटो-एजिंग के रूप में जाना जाता है।

न्यूट्रिलॉन्ग ऑर्गेनिक बेरी में एसिरोला, ब्लू बेरी, क्रैनबेरी, मलबेरी, बिलबेरी और अंगूर के निर्जलीकृत (फ्रीज-ड्रायड) ऑर्गेनिक बेरी पाउडर का मिश्रण है। प्राकृतिक अर्क को प्रीबायोटिक डायटरी फाइबर, इनुलिन के साथ माइक्रोएन्कैप्सुलेट किया गया है।

बेरी में पाए जाने वाले पॉलीफेनोल्स न केवल अपना रंग प्रदान करते हैं, बल्कि शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में भी काम करते हैं जो शरीर में कोशिका संरचनाओं के संरक्षण करने के साथ ही शरीर की अंग प्रणाली में ऑक्सीकरण को रोकने में भी मदद करते है।



## फ्रीज–ड्रायड ऑर्गेनिक बेरी से निर्मित न्यूट्रिलॉन्ग ऑर्गेनिक बेरी पाउडर के लाभ:

- इसमें कई प्राकृतिक मल्टीविटामिन जैसे प्रोविटामिन ए, बी और विटामिन सी कॉम्प्लेक्स  शामिल हैं
- त्वचा की एंटी-एजिंग में पॉलीफेनोल्स असरदार है, साथ ही यह तंत्रिकाओं की रक्षा करता है और परिसंचरण तंत्र में सुधार करता है
- यूरिनरी हेल्थ और पीएच के लिए क्रैनबेरी पॉलीफेनोल
- त्वचा सुधार (स्किन रिपेयर) और घाव भरने के लिए बिलबेरी से एंथोसायनोसाइड्स
- त्वचा सुधार (स्किन रिपेयर) प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए एपिगैलोकैटेचिन गैलेट (ईजीसीजी) का सबसे शुद्ध रूप
- इनुलिन एक प्राकृतिक प्रीबायोटिक तथा सिनर्जीस्टिक डायटरी फाइबर के रूप में काम करता है, जो डाइबिटीज़, वज़न नियंत्रण और कोलेस्ट्रॉल प्रबंधन में उपयोगी है।

## दैनिक स्तर पर निम्न ज़रूरतों के लिए प्रमाणित पूरक

- उन लोगों के लिए जिन्हें युवा त्वचा के लिए बायोफ्लेवोनोइड्स के साथ प्राकृतिक विटामिन सी कॉम्प्लेक्स  की आवश्यकता है
- धूप और यूवी प्रकाश से होने वाली क्षति से बचाव के लिए अधिक तनावग्रस्त व्यक्तियों तथा भीतरी या बाहरी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के लिए
- दैनिक प्रतिरक्षा शक्ति (इम्यूनिटी) बनाए रखने तथा चोट आदि में शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए
- उन पुरुषों और महिलाओं के लिए जिन्हें प्रायः पेशाब में जलन या संक्रमण होने का खतरा होता है
- उन लोगों के लिए जो अपना वज़न एवं कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित तथा हृदय को स्वस्थ बनाए रखना चाहते हैं
- तंत्रिका और मस्तिष्क की कोशिकाओं के पोषण और संपन्नता के लिए
- इसमें अतिरिक्त मीठा नहीं होता है, और इसे डाइबिटीज़ में फ्लेवोनोइड आधारित न्यूट्रिएंट और एनर्जी रिलीज़ सप्लिमेंट के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है

**परामर्श:** सादे या ठंडे पानी के साथ १ सैशे लें; दैनिक न्यूट्रिशनल सप्लिमेंट के रूप में दिन में एक बार नाश्ते के बाद।

# न्यूट्रिलॉन्ग ऑर्गेनिक बेरी

*चमकदार और युवा त्वचा के लिए... हर दिन*

# ट्राई जिनसेंग

## एक्स्ट्रा परफॉर्मेंस के लिए साइबेरियाई, कोरियाई और भारतीय जिनसेंग का संयोजन

जिनसेंग फ्लेवोनोइड्स, लाल मिर्च (कायेन पीपर) और एल-आर्जिनाइन

NATURAL 25 mg CAYENNE PEPPER

- शारीरिक उत्तेजना को बनाए रखने में मदद करता है
- पुरुष और महिला दोनों के लिए प्रभावी पोषण
- मस्तिष्क की कार्य क्षमता को बढ़ाने में मददगार है
- उर्जा और फोकस क्षमता को बढ़ाता है
- मनोदशा में सुधार करता है

रोजाना न्यूट्रिलॉन्ग ट्राई जिनसेंग सप्लिमेंट लें और ऊर्जावान महसूस करें!




साइबेरियाई जिनसेंग, कोरियाई जिनसेंग और अश्वगंधा जैसी सामग्रियों को सदियों से बेहतर अनुकूलनशील (एडेप्टोजेनिक), यौवनशील (रिजुवेनेटिव) और कामोत्तेजक क्रिया के रूप में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। साइबेरियाई जिनसेंग और कोरियाई जिनसेंग उपचय (एनाबोलिक) कार्यों के लिए संभावित सप्लिमेंट हैं, वहीं चिकित्सकीय रूप से अश्वगंधा को भी आयुर्वेद में इसी तरह की क्रियाओं में भूमिका निभाने वाला माना जाता है, और इसलिए इसे कभी-कभी भारतीय जिनसेंग कहा जाता है। न्यूट्रिलॉन्ग ट्राई जिनसेंग टेबलेट में, हमने इन तीन सामग्रियों को तीन जिनसेंग के रूप में संयोजित किया है जो एनर्जी और परफॉर्मेंस में वृद्धि करने के लिए सर्वोत्तम फॉर्मूला प्रदान करता है।

**न्यूट्रिलॉन्ग ट्राई जिनसेंग** टेबलेट एक प्राकृतिक सप्लिमेंट है जिसमें हर्ब, एमिनो-एसिड और प्रीबायोटिक का सहक्रियात्मक मिश्रण है। यह पुरुष और महिला दोनों की एनर्जी और संभोग के स्तर को बेहतर बनाने वाला एक प्रभावी सप्लिमेंट है।

